साहित्य अकादेमी
रवीन्द्र भवन, 35, फ़ीरोज़शाह मार्ग
नई दिल्ली 110 001

डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव

दूरभाष : 23386626, 23387064
फैक्स : 23382428
ई–मेल : secretary@sahitya-akademi.gov.in

सा.अ./16/14/भा.स./पीएन/

17 दिसंबर 2015

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

साहित्य अकादेमी भाषा सम्मान

साहित्य अकादेमी ने कालजयी और मध्यकालीन साहित्य (पश्चिमी) के क्षेत्र में योगदान हेतु लेखक/विद्वान **प्रो. श्रीकांत बाहुलकर** को भाषा सम्मान प्रदान करने की घोषणा की है।

भाषा सम्मान के अंतर्गत पुरस्कार विजेता को 100000/– रुपये नकद, एक उत्कीर्ण ताम्र फलक तथा प्रशस्ति–पत्र प्रदान किया जाता है। यह सम्मान भविष्य में कोई तिथि निर्धारित कर एक विशेष समारोह में साहित्य अकादेमी के अध्यक्ष द्वारा प्रदान किया जाएगा।

भाषा सम्मान विजेता का संक्षिप्त जीवन–वृत्त तथा चयन समिति के जिन सदस्यों की अनुशंसाओं पर भाषा सम्मान की घोषणा की गई है, उनका विवरण निम्नप्रकार है :

प्रो. श्रीकांत बाहुलकर संस्कृत भाषा में शिक्षा और शोध के क्षेत्र में एक सुपरिचित नाम है। वैदिक संस्कृत से लेकर आधुनिक संस्कृत तक की युगों की विकास यात्रा, वेद अध्ययन, बौद्ध अध्ययन और शास्त्रीय संस्कृत साहित्य आपके शोध के क्षेत्र हैं। साथ ही आप पालि, प्राकृत तथा शास्त्रीय संस्कृत से प्रायः भिन्न बौद्ध तांत्रिक संस्कृत, बौद्ध हाइब्रिड संस्कृत के भी ज्ञाता हैं। संप्रति आप मराठी भाषा में बौद्ध हाइब्रिड संस्कृत रीडर तैयार कर रहे हैं, जो बौद्ध साहित्य के अध्येताओं के लिए उपयोगी होगी। आप भंडारकर ओरिएंटल रिसर्च इंस्टीट्यूट के कार्यकारी मंडल के अध्यक्ष तथा वहाँ की पत्रिका *अन्नाल्स* के संपादक हैं।

<u>चयन समिति के सदस्य</u>

श्री पुंडलिक एन. नायक
श्री वासदेव मोही
डॉ. सदानंद श्रीधर मोरे

(के. श्रीनिवासराव)

प्रकाशन/प्रसारण हेतु जारी,